आकाशवाणी केन्द्र शिमला

16.05.2024/प्रादेशिक समाचार/9:20 बजे

चुनाव

प्रदेश में लोकसभा चुनाव और 6 विधानसभा क्षेत्रों में होने वाले उपचुनाव के लिए अब 15 दिन शेष रह गए हैं और नामांकन पत्र भरने की प्रक्रिया पूरी हो जाने के बाद अब चुनाव मैदान में उतरे उम्मीदवारों सहित अन्य पार्टी कार्यकर्ताओं ने प्रदेश में चुनाव प्रचार तेज़ कर दिया है। आज केंद्रीय मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर हमीरपुर संसदीय क्षेत्र के तहत आने वाले धर्मपुर विधानसभा क्षेत्र में चुनाव प्रचार करेंगे। जबकि नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर मंडी संसदीय सीट के थुनाग, थाना सहित कई क्षेत्रों में चुनाव प्रचार करेंगे। इस दौरान मंडी सीट से भाजपा प्रत्याशी कंगना रणौत भी उनके साथ मौजूद रहेंगी। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष राजीव बिंदल नाहन, धौलाकुंआ सहित कई क्षेंत्रों में चुनावी जनसभाएं करेंगे और उनके साथ शिमला संसदीय सीट से भाजपा प्रत्याशी सुरेश कश्यप मौजूद रहेंगे।

वहीं दूसरी तरफ मंडी संसदीय सीट से कांग्रेस प्रत्याशी विक्रमादित्य सिंह का आज बंजार विधानसभा क्षेत्र में जनसंपर्क कार्यक्रम है। इसके बाद वह मनाली विधानसभा क्षेत्र में चुनाव प्रचार में भाग लेंगे। हमीरपुर संसदीय सीट से कांग्रेस प्रत्याशी सतपाल रायज़ादा जिला ऊना में अलग-अलग क्षेत्रों में चुनाव प्रचार करेंगे।

इस बीच कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष प्रतिभा सिंह आज करसोग मे विकमादित्य सिंह के लिए चुनाव प्रचार कार्यक्रम में भाग लेंगी।

राज्यपाल

भारतीय वन सेवा के पहले बैच के 64 परिवीक्षार्थियों ने शिमला में अपने विषयगत दौरे के अतंर्गत कल राजभवन में राज्यपाल शिवप्रताप शुक्ल से मुलाकात की। इस अवसर पर संवाद सत्र का भी आयोजन किया गया। राज्यपाल ने अधिकारियों के साथ संवाद करते हुए कहा कि पर्यावरण परिवर्तन आज की सबसे बड़ी चुनौती है और मौसम परिर्वतन के कारण कठिनाईयों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि प्रकृति का संरक्षण करने के साथ-साथ जंगलों और जंगली जानवरों का भी संरक्षण करना होगा। उन्हौंने नौतोड़ और चारागाह भूमि आदि मुद्दों पर सहयोगात्मक रवैया अपनाने पर भी बल दिया।

सीएए-नागरिकता

नागरिकता-संशोधन अधिनियम 2024 की अधिसूचना के बाद नागरिकता प्रमाण पत्रों का पहला सेट जारी किया गया है।

केंद्रीय गृह सचिव अजय कुमार भल्ला ने कल नई दिल्ली में 14 आवेदकों को नागरिकता प्रमाण पत्र सौंपे। गृह मंत्रालय के अनुसार कई अन्य आवेदकों को डिजिटल हस्ताक्षर युक्त प्रमाण पत्र ई–मेल के माध्यम से भेजे जा रहे हैं। ये आवेदन, 31 दिसम्बर 2014 तक भारत में प्रवेश कर चुके पाकिस्तान, बांग्लादेश और अफगानिस्तान के हिंदू, सिख, जैन, बौद्ध, पारसी और ईसाई समुदायों के लोगों से प्राप्त हुए थे।

गृह मंत्रालय धोखाधडी

गृह मंत्रालय ने लोगों को पुलिस, केंद्रीय जांच ब्यूरो, नारकोटिक्स विभाग, भारतीय रिजर्व बैंक, प्रवर्तन निदेशालय और अन्य कानून प्रवर्तन एजेंसियों के अधिकारी बनकर धोखाधड़ी करने वालों से सावधान रहने की सलाह दी है। धोखाधडी के लिए ये लोग आम तौर पर पुलिस स्टेशनों और सरकारी कार्यालयों की तर्ज पर बने स्टूडियो का उपयोग करते हैं और पुलिस की वर्दी में रहते हैं। मंत्रालय ने लोगों को सलाह दी है कि वे ऐसी घटना की सूचना तुरंत साइबर क्राइम हेल्पलाइन नंबर 1930 या **www.cybercrime.gov.in** पर दें।

और अब एक नजर अखबारों की सुर्खियां पर.....

आज सभी समाचार पत्रों ने अलग–अलग खबरों को प्रमुखता दी है।

अमर उजाला की सुर्खी है –लोकसभा चुनाव के 11, विधानसभा उप–चुनाव के तीन नामांकन हुए रद्द। दैनिक भास्कर का शीर्षक है– लोकसभा और विधानसभा उप–चुनाव छंटनी के बाद 17 नामांकन पत्र रदद, 70 प्रत्याशी मैदान में। दिव्य हिमाचल के शब्द है –हिमाचल में 19 उम्मीदवारों के नामांकन रद्द। दैनिक सवेरा टाईम्स ने लिखा है –हिमाचल की 4 लोकसभा सीटों के 40 और 6 विधानसभा सीटों के 10 नामांकन रद्द।

दैनिक जागरण ने प्रदेश उच्च न्यायालय के एक आदेश से जुड़ी खबर को शीर्षक दिया है –उच्च शिक्षा निदेशक पर चलेगा अवमानना का मुकद्दमा। दैनिक भास्कर के अनुसार आदेशों की अवहेलना पर उच्च शिक्षा निदेशक पर चलेगा अवमानना का मुकद्दमा।

फोरेस्ट गार्ड की नोकरी लगाने के नाम पर दो युवकों से ठगे 8 लाख–शीर्षक से दैनिक भास्कर ने लिखा है –शिमला में धारा 420 और 467 के तहत केस दर्ज।

हिमाचल दस्तक ने हाईकोट के हवाले से खबर दी है –मिड–डे–मील वर्करों को दो माह की छुट्टियों का भी दे वेतन। दिव्य हिमाचल के अनुसार –मिड–डे–मील वर्कर को अब मिलेगा पूरे 12 माह का वेतन। पंजाब केसरी ने खबर को सुर्खी दी है –मिड–डे–मील कार्यकर्ताओं को

दो माह की छुट्टियों का वेतन देने के आदेश। इसी पत्र ने केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर के हवाले से लिखा है –भारत में एक दशक में मिले 51 दशमलब चार शून्य करोड़ रोजगार।

पंजाब केसरी ने मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू के हवाले से लिखा है –6 बागियों को टिकट भाजपा के लिए विनाशकारी साबित होगा।

मौसम पर दैनिक भास्कर अमर उजाला के लगभग एक जैसे शब्द है –प्रदेश में बुधवार इस सीजन का सबसे गर्म दिन रहा–नेरी 42 डिग्री और शिमला 27 डिग्री कल से बारिश के आसार।

———————————————————————————